Govt. College Sainj (H.P.)
College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date / दिनांक	4th november,2025
2	Name of Activity	**Intra-college cricket championship**
3	Name of Department Organizing the Activity	Sports Department
4	Name of Collaborating Agency (IfAny)	NA
5	No. of Student /Participants	115
6	No. of Teacher Participants	07
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन	

राजकीय महाविद्यालय सैंज में एकदिवसीय अंतर-कॉलेज क्रिकेट चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

सैंज, (आपका फैसला)। राजकीय महाविद्यालय सैंज में मंगलवार को एकदिवसीय अंतर–कोलेज क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में लड़कों और लड़कियों दोनों की टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुजाता देवी रहीं, जिन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से फिट रखता है बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे खेलों में सक्रिय भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन करें। कॉलेज के खेल प्रभारी प्रेम नेगी ने प्रतियोगिता का संचालन किया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ–साथ सौहार्द और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देती हैं। इस खेलकूद प्रतियोगिता मे बी. ए तृतीय वर्ष के छात्र विजेता रहें व प्रथम वर्ष के छात्र उपविजेता रहें। लड़कियों मे बी. ए द्वितीय वर्ष की छात्राएं विजेता व तृतीय वर्ष की छात्राएं उपविजेता रहीं। इस पूरे आयोजन में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक सहयोग किया। यह आयोजन कॉलेज में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। इस खेलकूद प्रीतियोगिता मे सम्पूर्ण महाविद्यालय स्टाफ मौजद रहा।

जागरूक किया गया। संवाद

पुरुष वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के छात्र बने विजेता

न्यूली/सैंज (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय सैंज में एक दिवसीय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीमें मैदान में उतरीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुजाता देवी ने किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से फिट रखता है बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे खेलों में सक्रिय भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन करें। कॉलेज के खेल प्रभारी प्रेम नेगी ने प्रतियोगिता का संचालन किया। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के छात्र विजेता और प्रथम वर्ष के छात्र उपविजेता रहे। महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राएं विजेता व तृतीय वर्ष की छात्राएं उपविजेता बनीं। संवाद

सैंज कॉलेज में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

Organizer

Principal
Govt. College Sainj (H.